नीतिआयोग की डेल्टा रैंकिंग में राजनांदगांव ज़िले का तीसरा स्थान

चर्चा में क्यों?

26 जुलाई, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नीतिआयोग द्वारा आकांक्षी ज़िला अंतर्गत कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र के लिये जारी डेल्टा रैंकिंग में राजनांदगांव ज़िले को देश में तीसरा स्थान मिला है। नीतिआयोग द्वारा इस उपलब्धि के लिये 'चैंपियन ऑफ चेंज' के तौर पर ज़िले की सराहना की गई है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में ज़िले में उत्कृष्ट कार्य हुये हैं। नीतिआयोग द्वारा जारी इंडिकेटर्स जैसे माइक्रो इरिगेशन से रकबे में वृद्धि, मनरेगा अंतर्गत तैयार जल स्रोत, पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा कृषि उत्पादकता में बढ़ोतरी कर राजनांदगांव ज़िले ने यह सफलता हासिल की है।
- उल्लेखनीय है कि मई 2023 में जारी डेल्टा रैंकिंग में देश के सबसे विकसित आकांक्षी ज़िलों में राजनांदगांव ज़िले ने तीसरा स्थान हासिल किया है।
- राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं जैसे- सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं से ज़िले में कृषि एवं नवीनतम तकनीक से किसानों में खुशहाली आई है। वहीं जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी नवाचारी पहल से अच्छे परिणाम प्राप्त हुये हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajnandgaon-district-ranks-third-in-niti-aayog-s-delta-ranking